

सिद्धू और विनोद कांबली पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के निशाने पर थे

करियर में अब तक 11 टेस्ट, 54 वनडे और 40 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके हार्दिक ने इससे पहले भी सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी जिसमें वह खाना बनाते नजर आए थे।

## भाइयों संग कैरम, हार्दिक पंड्या ने सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। वह फैंस के साथ लगातार फोटो–वीडियो शेयर करते हैं। ऐसी ही एक तस्वीर उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम पर शेयर की। हरफनमौला क्रिकेटर हार्दिक पंड्या ने जो तस्वीर शेयर की उसमें वह भाइयों के साथ कैरम बोर्ड खेलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने साथ ही हैशटैग भी इस्तेमाल किया– पंड्या ब्रदर्स।

हार्दिक ने साथ ही लिखा, इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता कि भाइयों के साथ कैरम खेलें। बहुत सी यादें। तस्वीर में उनके सगे भाई क्रुणाल पंड्या भी बैठे नजर आ रहे हैं जबकि दो और शख्स साथ में बैठे हैं। कोरोना वायरस के कारण भारतीय क्रिकेट और इससे जुड़ी गतिविधियों पर ब्रेक लगा हुआ है। इसी के चलते क्रिकेट जगत की दिग्गज हस्तियां अपने–अपने घर पर फैमिली के साथ वक्त बिता रही हैं।

# पीएम के क्रिकेट पर बैन जारी रखने पर भड़के माइकल वॉन

**क्रिकेट**

## यूके पीएम बॉरिस जॉनसन ने क्रिकेट बॉल से बीमारी फैलने का खतरा बताया था

■खिलाड़ी की जेब में हैंड सेनेटाइजर है, जब भी आप गेंद को छुएं तो इसका इस्तेमाल करें






**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यूके के प्रधानमंत्री बॉरिस जॉनसन पर कड़ा निशाना साधा है। जॉनसन ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट पर लगे प्रतिबंधको जारी रखने का फैसला किया है जिस पर वॉन ने कड़ी नाराजगी जताई है। जॉनसन ने मंगलवार को क्रिकेट बॉल से बीमारी फैलने का खतरा बताया था।

सांसद ग्रेग क्लार्क ने जॉनसन से कहा था कि गर्मियों के सीजन का नुकसान हो चुका है। उन्होंने पीएम से पूछा था कि क्या अब खेल शुरू हो सकता है। इस पर जॉनसन ने कहा, क्रिकेट के साथ जो समस्या है उसे हर कोई समझता है। क्रिकेट की गेंद बीमारी से बीमारी फैल सकती है। और शायद... किसी भी रफ्तार से। इस बयान पर टिप्पणी करते हुए वॉन ने ट्वीट किया, हर खिलाड़ी की जेब में हैंड सेनेटाइजर है... जब भी आप गेंद को छुएं तो इसका इस्तेमाल करें... आसान सी बात है... रिएक्रिएशनल क्रिकेट की शुरुआत चार जुलाई से होनी चाहिए. .. इस तरह की बकवास नहीं होनी चाहिए। हालांकि इस फैसले का इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 8 जुलाई से होने वाली सीरीज पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस सीरीज के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो रही है।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भी क्रिकेट गेंद के इर्द–गिर्द फैले डर को लेकर बयान जारी किया था। बोर्ड ने कहा था, इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और देश के खिलाड़ी अपने खेल की जल्दी और सुरक्षित वापसी चाहते हैं। हम सरकार के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने में जुटे हैं।

बोर्ड ने आगे कहा था, हमें लगता है कि क्रिकेट एक नॉन–कॉन्ट्रेक्ट स्पोर्ट्स है। इसमें एक–दूसरे के संपर्क में आने का बहुत कम खतरा है। यह उतनी ही सुरक्षा के साथ खेला जा सकता है जितनी सुरक्षा से अन्य खेलों को फिलहाल इजाजत मिली हुई है। हमारी चाहत है कि हम सरकार से बात करके रिक्रिएशनल क्रिकेट की शुरुआत चार जुलाई या आसपास करवाएं। चूंकि अब समाज में अन्य बंदिशें भी धीरे–धीरे खुल रही हैं।

# भाग्यशाली हूं भारत के लिए टेस्ट मैच खेला पायाः कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट को बेस्ट फॉर्मेट कहा है। कोहली खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि वह भारत के लिए इस प्रारूप में खेल पाए।

टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान कोहली ने ट्वीट किया, 'कुछ भी चीज सफेद कपड़ों (टेस्ट क्रिकेट) में कड़ा मैच खेलने के करीब नहीं है। मैं भाग्यशाली हूं कि भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेल पाया।'

कोहली ने 55 टेस्ट में भारत की कप्तानी की है जिसमें टीम ने 33 मैचों में जीत दर्ज की जबकि 12 में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से कोहली ने अब तक 86 टेस्ट 53.62 की औसत से 7240 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक और 22 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने इसके अलावा 248 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 43 शतक और 58 अर्धशतक की मदद से 11867 रन बनाए हैं जबकि 82 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनके नाम पर 2794 रन दर्ज हैं।

कोरोना वायरस महामारी के कारण दुनिया भर में क्रिकेट प्रतियोगिताएं ठप्प पड़ी हैं और भारत को भी अपना अगला टेस्ट दिसंबर से पहले नहीं खेलना है जब टीम चार टेस्ट की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

## इंग्लैंड टीम से जुड़ने से पहले जोफ्रा आर्चर का दूसरी बार होगा कोरोना टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का गुरुवार को साउथैम्पटन में राष्ट्रीय टीम के साथ अभ्यास शिविर में जुड़ने से पहले कोविड–19 के लिए दूसरे दौर का टेस्ट किया जाएगा। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बयान में कहा कि ससेक्स के गेंदबाज के परिवार के एक सदस्य के बीमार होने के कारण अब वह गुरुवार को टीम से जुड़ेगा।

ईसीबी ने बयान में कहा, 'आर्चर और उनके परिवार के सदस्यों का कोविड–19 के लिए किया गया टेस्ट निगेटिव रहा। आर्चर का बुधवार को दूसरा परीक्षण किया जाएगा और अगर उनका यह टेस्ट भी निगेटिव रहता है तो वह गुरुवार को अभ्यास शिविर में टीम से जुड़ जाएंगे।' इंग्लैंड टीम के बाकी सदस्य वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के अभ्यास के लिए मंगलवार को एजिस बाउल साउथैम्पटन पहुंच गए थे लेकिन रिपोर्टों के अनुसार केवल आर्चर ही नहीं बल्कि सभी 30 खिलाड़ियों का एजिस बाउल में उतरने से पहले फिर से टेस्ट किया जाएगा। सभी 30 खिलाड़ियों का दस दिन पहले कोरोना वायरस के लिए टेस्ट किया गया था।

## न्यूज डायरी



### एशेज के बराबर ही है भारत–ऑस्ट्रेलिया सीरीजः नाथन लायन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लायन को कई बार शेन वॉर्न के बाद ऑस्ट्रेलिया के खेलने वाला बेस्ट स्पिनर कहा जाता है। हालांकि, उनके अच्छे प्रदर्शन के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम 2018–19 में भारत को चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 2–1 से जीत हासिल करने से नहीं रोक पाई थी। भारतीय टीम इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी। अब इस साल के आखिर में भारतीय टीम का एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया दौरा प्रस्तावित है। भारत को वहां चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। लायन की कोशिश इस बार हिसाब बराबर करने की है। 96 टेस्ट मैचों में 396 विकेट हासिल करने वाले 32 वर्षीय इस स्पिनर ने भारत–ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तुलना एशेज से की है। उन्होंने बुधवार को कहा, यह एशेज के साथ सबसे महत्वपूर्ण सीरीज बनती जा रही है। बेशक, उनके (भारत) पास सुपरस्टार्स की टीम है और इस बार यह एक रोमांचक सीरीज होने वाली है।

### क्रिकेटरों का लेडीज वर्जन कोलाज, सौरभ गांगुली ने दिया मजेदार जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं और फैंस के लिए फोटो–वीडियो शेयर करते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक कोलाज शेयर किया जिसमें कई दिग्गज क्रिकेटरों का लेडीज अवतार नजर आ रहा है। इस पर उन्होंने फैंस से सवाल भी पूछा कि वे किसके साथ डेट पर जाना पसंद करेंगे। हरभजन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की जिसमें उनके अलावा महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर, पूर्व धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग और गौतम गंभीर भी नजर आ रहे हैं। हालांकि सभी क्रिकेटर श्लेडीज लुकश् में नजर आ रहे हैं। फैंस और साथी खिलाड़ियों के बीच श्भज्जीश् से मशहूर इस ऑफ स्पिनर ने लिखा, आप किसके साथ डेट पर जाना पसंद करेंगे? इस पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने अपनी ही तस्वीर की ओर इशारा करते हुए लिखा, मुझे तस्वीर के बीच वाली लड़की पसंद आ रही है, जिसने चश्मा लगाया है।

### टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच कोरोना की चपेट में, वाइफ भी संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के नंबर–वन पुरुष टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। बेलग्रेड और फिर क्रोएशिया के जदार में खेले गए टूर्नामेंट में वह इस महामारी से संक्रमित होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उनकी पत्नी भी इस महामारी की चपेट में आ गई हैं। जोकोविच ने यहां जारी एक बयान में कहा, 'हम बेलग्रेड पहुंचने के बाद तुरंत बार जांच करना चाहते थे। मैं और जेलेना (पत्नी) पॉजिटिव पाए गए, जबकि हमारे बच्चे बीमारी से संक्रमित नहीं हैं।' कोरोना वायरस महामारी के बीच टूर्नामेंट के आयोजन और दूसरे देशों के खिलाड़ियों को लाने के लिए जोकोविच की आलोचना हो रही है। टेनिस खिलाड़ी विक्टर ट्रॉइकी ने मंगलवार को कहा कि वह और उनकी गर्भवती पत्नी दोनों कोरोना वायरस से संक्रमित हैं।

### बीते 50 साल में कौन है बेस्ट भारतीय टेस्ट बल्लेबाज, द्रविड़ ने सचिन को पछाड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में बल्लेबाजों की एक लंबी परंपरा रही है। हर प्रारूप में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना असर दिखाया है। विजय हजारे, विजय मर्चेंट से लेकर सुनील गावसकर, सचिन तेंडुलकर, राहुल द्रविड़ और अब विराट कोहली। एक लंबी लिस्ट है जिसमें एक से बढ़कर एक बल्लेबाज शामिल रहे हैं। सचिन तेंडुलकर को भारत ही नहीं दुनिया का महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। लेकिन विजडन इंडिया द्वारा करवाए गए एक ऑनलाइन पोल में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर राहुल द्रविड़ से पिछड़ गए। विजडन ने पूछा था कि इन दोनों भारतीयों में बीते 50 साल में कौन बेहतर टेस्ट बल्लेबाज रहा है। द्रविड़ और तेंडुलकर के बीच मुकाबला कड़ा था लेकिन आखिर में द्रविड़ को सचिन से ज्यादा वोट मिले।